जीरकपुर में सीआईए स्टाफ बनकर ज्वैलर को किया अगवा, लूट लिए 5 लाख रुपए

पुलिस ने 3 को किया गिरफ्तार, 2 की तलाश जारी, दुकान में घुसकर झूठे आरोप में फंसाने का डर दिखाया

गुरमीत सिंह | ज़ीरकपुर
समर न्यूज़





(1) पुलिस गिरफ्त में आरोपी। (3) एस पी गजलप्रीत कौर मामले की जानकारी देते हुए, साथ मौजूद थाना प्रभारी सतिंदर सिंह। (3) (2) आरोपियों से बरामद नकदी। - समर न्यूज़

ज़ीरकपुर इलाके में दिनदहाड़े पुलिस व सीआईए स्टाफ बनकर एक ज्वैलर से 5 लाख रुपए लूटने का मामला सामने आया है। पांच बदमाशों ने खुद को सी आई ए स्टाफ का सदस्य बताकर चंडीगढ़–अंबाला रोड स्थित एमजी ज्वैलर्स की दुकान में घुसकर ज्वैलर को चोरी के झूठे आरोप में फंसाने का डर दिखा दुकानदार को अगवा किया और 5 लाख रुपए लेकर फरार हो गए।

पुलिस ने मामले की तफ्तीश तेज करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो की तलाश जारी है।

एसपी गलप्रीत कौर मने बताया कि पंचकूला निवासी गौरव गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 जून को दोपहर लगभग 3:50 बजे एक स्कॉर्पियो गाड़ी उनकी दुकान के बाहर रुकी। गाड़ी से तीन व्यक्ति उतरे, जिनमें से एक ने खाकी पगड़ी और खाकी पैंट पहन रखी थी। दूसरे के हाथ में एक फाइल थी और एक व्यक्ति था जिसके हाथ में हथकड़ी लगाई हुई थी।

गौरव के मुताबिक वे सीधे दुकान में दाखिल हुए और हत्थकड़ी लगे व्यक्ति को थप्पड़ मारते हुए कहा कि उसने चोरी का सामान इस ज्वैलर को बेचा है। बाद में उन्होंने गौरव पर चोरी के दर्ज मामले का आरोप लगाते गाड़ी में बिठा लिया। दुकान पर मौजूद कर्मचारी जोगिंदर सिंह को भी साथ ले गए। शिकायत के अनुसार स्कॉर्पियो में पहले से दो और लोग बैठे थे। रास्ते में आरोपियों ने खुद को सी आई ए स्टाफ बताते हुए गौरव की पिटाई की। एक आरोपी ने चाकू निकालकर 10 लाख रुपए की मांग की और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी।

▪ **ठिकाने पर पिता को बुलाया, फिर वसूली:** बदमाश गौरव को ज़ीरकपुर स्थित मैकडोनाल्ड के पास ले गए और वहां उसके पिता को भी बुलाया। आरोपियों ने मामला रफा-दफा कराने के बदलें 10 लाख रुपए की मांग की। बाद में वे पिता-पुत्र को वापस एमजी ज्वैलर्स की दुकान पर ले आए और डर-धमकी के सहारे 5 लाख रुपए वसूल लिए। रकम मिलने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

▪ **धोखे के बाद धमकी भरी कॉल** शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ समय बाद उसे एक मोबाइल नंबर से कॉल आई जिसमें 11 ग्राम सोना देने की मांग की गई ताकि घटना को पुलिस बरामदगी के तौर पर दिखाया जा सके। साथ ही घटना के बारे में किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई।

▪ **पुलिस की कारवाई:** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी। अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और इनके कब्जे से स्कॉर्पियो गाड़ी भी बरामद हुई है। बाकी दो आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने कहा है कि जल्द ही बाकि आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा और पूरे गिरोह के नेटवर्क की जांच की जा रही है।

चंडीगढ़ में रिश्वत लेते हुए पकड़ा एएसआई

समर न्यूज़। चंडीगढ़

चंडीगढ़ के पुलिस स्टेशन-39 में तैनात एएसआई हितेश कुमार को 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगने के बाद 40 हजार रुपए कैश के साथ पकड़ा गया।

सीबीआई ने रेड मारकर उसे थाने से गिरफ्तार किया। उसकी भर्ती लगभग ढाई साल पहले हुई थी और वह प्रोबेशन पर चल रहा था।

बताया जा रहा है कि हितेश अपने बैच का टॉपर था। चंडीगढ़ में एएसआई भर्ती के लिए एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से परीक्षा के बाद केवल 5 उम्मीदवारों का चयन हुआ था और हितेश टॉपर रहा।

सीबीआई ने रिश्वत मामले में अब यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी ने जॉइनिंग के बाद पुलिस स्टेशन-39 में कितने केसों को हैंडल किया था।

वहीं, चंडीगढ़ के डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा भी सख्त चेतावनी दे चुके हैं कि अगर कोई पुलिसकर्मी रिश्वत लेते पकड़ा जाता है, तो उसे बर्खास्त कर दिया जाएगा।

साथ ही संबंधित सुपरविजन अधिकारी की भी जवाबदेही तय की जाएगी।

मेयर बनने की खुशी



मोहाली नगर निगम के मेयर चुने जाने के बाद सरबजीत सिंह समाना को उनकी माता ने मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के नेता, समर्थक और परिवारजन भी मौजूद रहे।

डिंपल हत्याकांड: सहकर्मी की चाकू से गोदकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने न्यायिक हिरासत में भेजा



समर न्यूज़ | मोहाली

फेज-11 स्थित एक निजी लॉजिस्टिक कंपनी में काम करने वाली पटियाला निवासी 30 वर्षीय डिंपल की हत्या मामले में फेज-11 थाना पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हरजिंदर सिंह मान को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जहां अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

दरअसल, पुलिस सोमवार को भी आरोपी को गिरफ्तार करने गई थी लेकिन जब उसके बयान दर्ज किए जा रहे थे तो उसी दौरान आरोपी हरजिंदर सिंह मान की तबीयत दोबारा खराब हो गई थी जिस कारण डॉक्टर ने उसे अनफिट बताया था। मंगलवार को पुलिस ने दोबारा बयान दर्ज किए और उसे गिरफ्तार किया। मृतक डिंपल और आरोपी हरजिंदर सिंह मान पटियाला का रहने वाले हैं। दोनों फेज-11 स्थित एसआरपी यूएस लॉजिस्टिक कंपनी में कार्यरत थे। आरोपी मान ने डिंपल के केबिन में घुसकर पहले पीछे से उस पर चाकू से हमला किया। अचानक हुए हमले से घबराई डिंपल जब जान बचाने के लिए भागी तो आरोपी उसके पीछे भागा और दफ्तर के दरवाजे पर उसने डिंपल पर 32 वार कर उसकी हत्या कर दी।

कार्यालय के अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की थी, लेकिन आरोपी ने उन्हें भी चाकू दिखाकर पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। हत्या के बाद उसने खुद भी आत्महत्या करने का प्रयास किया था। घटना के बाद दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां डॉक्टरों ने डिंपल को मृत घोषित कर दिया था।

डिप्टी कमिश्नर की अध्यक्षता में जिला सैनिक बोर्ड की त्रैमासिक बैठक संपन्न



समर न्यूज़ | मोहाली

जिला सैनिक बोर्ड, एसएएस नगर की त्रैमासिक बैठक आज डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जिला रक्षा सेवाएं कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन दविंदर सिंह ढिल्लों (सेवानिवृत्त) ने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विभाग में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी सदन को अवगत कराया। बैठक के दौरान जिला रक्षा सेवाएं कल्याण अधिकारी द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए इन मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने के आदेश दिए।

डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि पूर्व सैनिकों, शहीदों के परिजनों और उनके आश्रितों के कल्याण से जुड़े मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सैनिक परिवारों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराया जाए और उनकी समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की देरी न हो।

सेक्टर-6 अस्पताल की मदर एंड चाइल्ड केयर बिल्डिंग की लिफ्ट में आधे घंटे फंसा स्टाफ, दवा गिरने से बिगड़ी तबीयत

लिफ्ट ऑपरेटर का फोन मिला स्विच ऑफ, मेंटेनेंस टीम ने पहुंचकर निकाला बाहर

▪ **बैक्सीलोसिड दवा फैलने से लिफ्ट में घुटन, स्टाफ ने बताया- सांस लेना हो गया था मुश्किल**

करुणा मित्तल | पंचकूला
समर न्यूज़

सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल की मदर एंड चाइल्ड केयर (एमसीएच) बिल्डिंग में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब अस्पताल की एक स्टाफ नर्स और क्लास फोर्थ कर्मचारी सुनीता लिफ्ट में फंस गए। दोनों कर्मचारी चौथी मंजिल पर कमरों की सफाई और आवश्यक कार्य के लिए जा रहे थे। उनके पास बैक्सीलोसिड नामक दवा भी थी, जो अचानक लिफ्ट के अंदर गिर गई। दवा के फैलने से लिफ्ट के भीतर तेज गंध और घुटन का माहौल बन गया, जिससे दोनों कर्मचारियों को सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी।

जानकारी के अनुसार लिफ्ट अचानक बीच रास्ते में खराब होकर रुक गई और बेसमेंट-2 के पास फंस गई। अंदर फंसे कर्मचारियों ने तुरंत मदद के लिए संपर्क करने का प्रयास किया। लिफ्ट ऑपरेटर सतीश कुमार को कई बार फोन किया गया, लेकिन उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। इस दौरान अस्पताल में तैनात सिक्योरिटी गार्ड रितु ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए लिफ्ट के पास मौजूद रहकर अंदर फंसे कर्मचारियों से लगातार बातचीत की। कर्मचारियों ने उसे बताया कि लिफ्ट के अंदर दवा गिरने के कारण सांस लेना बेहद कठिन हो रहा है और उनकी तबीयत लगातार बिगड़ रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रितु ने तुरंत मेंटेनेंस विभाग से संपर्क किया और सहायता की मांग की। करीब आधे घंटे बाद मेंटेनेंस टीम का एक कर्मचारी मौके पर पहुंचा और चाबी की सहायता से लिफ्ट को खोलकर दोनों कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

निकलते ही स्टाफ नर्स और क्लास फोर्थ कर्मचारी की हालत खराब बताई गई। दवा की तीव्र गंध और लंबे समय तक बंद लिफ्ट में फंसे रहने के कारण उन्हें घुटन, बेचैनी और सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल कर्मियों ने उन्हें तत्काल प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई।

घटना के बाद अस्पताल स्टाफ में रोष देखा गया। कर्मचारियों का कहना है कि अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर लिफ्टों का नियमित रखरखाव होना चाहिए और आपातकालीन स्थिति में लिफ्ट ऑपरेटर या संबंधित कर्मी हर समय उपलब्ध रहने चाहिए। कर्मचारियों ने मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर लिफ्ट की तकनीकी खामियों को दूर किया जाए ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

यह घटना अस्पताल प्रशासन की आपातकालीन तैयारियों और लिफ्ट रखरखाव व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है। गनीमत रही कि समय रहते दोनों कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, अन्यथा स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

ताऊ देवी लाल स्टेडियम में करवाई योग आसन प्रतियोगिता में 23 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया



मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव तथा आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा के निर्देशानुसार 21 जून 2026 को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा।

इसी कड़ी में जिला प्रशासन पंचकूला के सहयोग से जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय योग आसन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का आयोजन ताऊ देवीलाल सटेडियम, सेक्टर-3 पंचकूला में आयुष विभाग, खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसमें लगभग 23 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे:

10 से 18 वर्ष (पुरुष वर्ग):
यश – प्रथम स्थान
बबल – द्वितीय स्थान
मोहित एवं दिलेर – तृतीय स्थान

10 से 18 वर्ष (महिला वर्ग):
मन्नत – प्रथम स्थान
सोनिका एवं मनीषा – द्वितीय स्थान
पायल – तृतीय स्थान

18 से 55 वर्ष (पुरुष वर्ग):
राहुल – प्रथम स्थान
अभिषेक – द्वितीय स्थान

18 से 55 वर्ष (महिला वर्ग):
खुशी – प्रथम स्थान
मनप्रीत – द्वितीय स्थान

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि हरियाणा सरकार की 'फिट हरियाणा' पहल को ऐसे कार्यक्रमों से नई गति मिल रही है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केस

सागर पाहवा | खरड़
समर न्यूज़

सदर खरड़ थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में हिमाचल प्रदेश के बद्दी निवासी एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो सकी है। आरोपी की पहचान सुखजीत सिंह निवासी बद्दी हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार खरड़ निवासी 20 वर्षीय युवती ने शिकायत में आरोप लगाया है कि बद्दी (हिमाचल प्रदेश) के गांव मानपुर निवासी सुखजीत सिंह लंबे समय से उससे शादी का वादा करता रहा। इसी भरोसे का फायदा उठाकर उसने युवती के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया।

पंचकूला वार्ड-17 में निर्दलीय पार्षद अशोक कुमार की जीत, बोले- 100 दिन में सुधरेगी पानी-सफाई व्यवस्था

नशे पर कहा- 'छोड़ने के लिए आत्मशक्ति जरूरी'

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

बीते दिनों हुए निगम चुनाव में बीजेपी की प्रचंड जीत के बीच वार्ड नंबर 15 खड़क मंगोली से निर्दलीय प्रत्याशी अशोक कुमार ने जीत दर्ज की। जीत के बाद अशोक कुमार ने कहा कि यह जीत अकेले उनकी नहीं, बल्कि पूरे वार्ड की जीत है। जनता ने जिस उम्मीद से सेवा का मौका दिया है, वह हर मूलभूत समस्या को तुरंत हल करने की कोशिश करेंगे।



▪ **बिजली-पानी की समस्या, सीवर लाइन उल्टी**
पार्षद अशोक कुमार ने बताया कि खड़क मंगोली में बिजली-पानी की भारी समस्या है। पूर्व पार्षद की ओर से इसका समाधान नहीं किया गया। मानसून को देखते हुए गलियों-नालियों और सीवर की सफाई करवाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि उप्पली चौकी और नीचे चौकी में सीवर की गंभीर समस्या है। जहां सीवरेज डाला भी गया, वहां पाइप उल्टी-सीधी होने से निकासी ठीक से नहीं होती।

▪ **'100 दिन में सुधरेगी व्यवस्था'**
अशोक कुमार ने दावा किया कि आने वाले 100 दिनों में पंचकूला में पानी और सफाई की व्यवस्था पूर्ण रूप से दुरुस्त कर दी जाएगी।

नशे पर बोले- 'केंद्र नहीं, खुद की इच्छाशक्ति से छूटेगा'
वार्ड में नशे की समस्या पर पार्षद ने कहा कि सरकार और समाजसेवी लगातार नशे के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। लेकिन उनकी राय में नशा कोई केंद्र या दूसरा व्यक्ति नहीं छुड़ा सकता। नशा सिर्फ नशे का आदि खुद ही छोड़ सकता है, इसके लिए आत्मिक शक्ति जरूरी है। कोई भी आदत छोड़ने के लिए पहले खुद को मानसिक रूप से तैयार करना होगा, वरना सारे प्रयास व्यर्थ हैं।

कार्रवाई मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत वरिष्ठ श्रद्धालुओं को मिला धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर

मोहाली से 52वीं और 53वीं बस श्री अमृतसर साहिब रवाना

समर न्यूज़ | मोहाली



विधायक कुलवंत सिंह की देखरेख में 53वीं बस को रवाना करते हुए वार्ड नंबर 5 की काउंसलर अरविंदर कौर तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति। - समर न्यूज़

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र मोहाली से श्रद्धालुओं की दो बसें रवाना की गईं। ये श्रद्धालु श्री हरमंदिर साहिब (दरबार साहिब), श्री दुर्गियाना मंदिर, राम तीर्थ वाल्मीकि मंदिर, वाघा बॉर्डर तथा जलियांवाला बाग के दर्शन करेंगे।

विधायक कुलवंत सिंह की देखरेख में आज मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मोहाली से 52वीं और 53वीं बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये बसें फेस-1 और फेस-2, वार्ड नंबर 5 से श्री अमृतसर साहिब के लिए रवाना हुईं। बसों में सवार श्रद्धालु मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और विधायक कुलवंत सिंह का बार-बार धन्यवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने पंजाब के वरिष्ठ नागरिकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें इस पवित्र यात्रा का अवसर प्रदान किया है।

काउंसलर अरविंदर कौर ने कहा कि सामूहिक रूप से धार्मिक स्थलों की यात्रा करना एक सुखद अनुभव होता है। इससे श्रद्धालुओं के बीच विचारों का आदान-प्रदान होता है तथा आपसी रिश्तों में और अधिक मिठास व ताजगी आती है, जिससे समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए काउंसलर अरविंदर कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं की हर आवश्यकता का विशेष ध्यान रखा गया है। यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बस में चिकित्सा विशेषज्ञ और गाइड भी हर समय मौजूद रहते हैं। इसके अलावा श्रद्धालुओं के रहने, खाने-पीने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का पूरा प्रबंध राज्य सरकार द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सरकार पंजाब के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक समय के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराए जा सकें तथा युवाओं को उनकी रुचि के अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिल सके।

इस अवसर पर फेस-1 से गुरमीत सिंह, गुरजीत सिंह, रणजीत सिंह, अमरजीत सिंह और बलदेव राज उपस्थित रहे। वहीं वार्ड नंबर 5 से दर्शन सिंह, रविंदर सिंह तथा रेनू सूद भी मौजूद रहे।

नशे के खिलाफ पंजाब पुलिस को अब मिली हाईटेक ताकत

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब में नशे के खिलाफ अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पंजाब पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को अत्याधुनिक तकनीकी और खुफिया सुविधाओं से लैस किया गया है।

मंगलवार को पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने एसएएस नगर स्थित एएनटीएफ पुलिस स्टेशन में नवस्थापित स्पेशल इंटेलिजेंस एंड टेक्निकल यूनिट सहित कई आधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्पेशल डीजीपी एएनटीएफ कुलदीप सिंह और एडीजीपी एएनटीएफ नीलाभ किशोर भी मौजूद रहे। डीजीपी ने क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स रूम, इंटरोगेशन रूम, एमएचसी रूम और डीएसपी कार्यालय का भी उद्घाटन किया। अगस्त 2024 में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा उद्घाटित एएनटीएफ पुलिस स्टेशन को अब एक आधुनिक जांच और खुफिया केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि नई तकनीकी सुविधाएं वैज्ञानिक जांच, डिजिटल साक्ष्य विश्लेषण, तकनीकी निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने और आपराधिक डेटाबेस तक पहुंच को मजबूत करेंगी, जिससे नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों की जांच अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने बताया कि पटियाला, जालंधर और बठिंडा में अत्याधुनिक एएनटीएफ कार्यालय पहले से कार्यरत हैं।